है तो एकक को "रुग्ण" माना जाये यदि यह लगातार एक वर्ष की अवधि तक, ब्याज अथवा मूलधन की किस्तों के भुगतान को अदायगी नहीं करता है और बैंक के साथ उसकी ऋण सीमा के संचालन में लगातार अनियमिताएं होती हैं।

(ख) रुग्ण उद्योगों के तेजी से पुर्नस्थापना के हित में मामले की निरंतर समीक्षा की जाती है।

कैंसर रोग की रोकथाम के लिए उपाय

1661. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में बढ़ते हुए कैंसर रोग की रोकथाम के लिए सरकार क्या उपाय कर रही है ; और

(ख) कैंसर रोगियों के लिए सस्ते इलाज की व्यवस्था किये जाने हेतु सरकार क्या कदम उठा रही है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री नीलमणी राउतराय) : (क) और (ख) सरकार ने 10 क्षेत्रीय कैंसर को मान्यता प्रदान की है। ये केन्द्र कैंसर का पता लगाने और उसका उपचार करने के लिए आधुनिक सुविधाएं प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त देश के विभिन्न भागों में स्थित अनेक अस्पतालों / मेडिकल कालेजों और स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा कैंसर का पता लगाने और उसके उपचार की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। अधिकांश सरकारी अस्पताल / संस्थाएं निःशुल्क अथवा कम लागत पर उपचार प्रदान करते हैं।

नई गैस एजेंसी के खोले जाने के लिए मानदंड

1662. **डा० अबरार अहमद खान :** क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नई गैस एजेंसी के खोले जाने के लिए मानदंड क्या है और इस समय राजस्थान में उनके स्थानों के साथ-साथ नयी गैस एजेंसियों की संख्या कितनी है और किन-किन नई एजेंसियों को खोले जाने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है या शुरू किए जाने का प्रस्ताव है ; और

(ख) राजस्थान में कितने व्यक्तियों को अब तक कनैक्शन प्रदान किये गये हैं और राजस्थान में गैस चाहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को कब तक गैस कनैक्शन उपलब्ध करा दिए जाने की संभावना है ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री एम० एस० गुरुपदस्वामी) : (क) फिलहाल, 20,000 और इससे अधिक की आबादी वाले ऐसे शहरों में एल०पी०जी० का विपणन चरणबद्ध रूप में किया जाता है, जहां डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए आर्थिक व्यवहार्यता संभावित होती है। 1.3.90 की यथास्थिति को, राजस्थान राज्य में 141 एल०पी०जी० के वितरक कार्य कर रहे थे। उस राज्य में 57 और एल० पी० जी० को डिस्ट्रीब्यूटरशिपें स्थापित किये जाने की योजना है। ब्यौरा संलग्न **विवरण-पत्र** में प्रस्तुत है।

(ख) फिलहाल, 5.47 लाख एल० पी०जी० के उपभोक्ता राजस्थान में हैं। राजस्थान सहित संपूर्ण देश में तेल उद्योग द्वारा अपने ग्राहकों के वार्षिक नामांकन कार्यक्रम के अधीन चरणबद्ध रूप में नये कनेक्शन दिये जाते हैं बशर्ते कि एल०पी०जी० उपलब्ध हो।